


नवभारत 10
इंदौर, शुक्रवार 25 जुलाई 2025


## विद्यालय में हुई स्पीक मैके की वर्कशाप



**बड़वानी।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में 23 जुलाई को देश की कत्थक नृत्यांगना मुस्कान नागपाल का स्पीक मैके संस्था के तहत वर्कशाप का शानदार आयोजन हुआ। संस्था के विद्यार्थियों को न केवल मोहक कत्थक नृत्य कला को देखने का अवसर मिला, बल्कि विद्यार्थियों को कत्थक नृत्य के प्रारंभिक तथ्यों से परिचय भी प्राप्त हुआ। प्राचार्य प्रमोद कुमार गुप्ता एवं संस्था के शिक्षकों द्वारा नागपाल की उच्च स्तरीय कला को सराहा गया। साथ ही विद्यार्थी बहुत प्रफुल्लित हुए। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक विवेक श्रोत्रिय ने किया तथा आभार श्रीमती प्रतिमा वासनिक ने माना। कार्यक्रम संयोजक अनिल जोशी थे।

## कार्यपालिक दण्डाधिकारी किए नियुक्त

**बड़वानी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी गुंचा सनोबर ने 28 से 31 जुलाई तक नागलवाड़ी भिलट देव मंदिर में नागपंचमी के अवसर पर आयोजित होने वाले मेले के मद्देनजर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कार्यपालिक दण्डाधिकारी नियुक्त किए हैं। नियुक्त कार्यपालिक दण्डाधिकारी अपनी ड्यूटी अनुसार शिखर धाम मंदिर एवं परिसर, मेला परिसर एवं कंट्रोल रूम, घाट सेक्शन, पार्किंग स्थल पर समयानुसार उपस्थित होकर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखेंगे।

## अपराध जगत में तकनीकी समावेश उसे और वीभत्स बना रहा है : न्यायाधीश



**बड़वानी।** जो पेशेवर अपराधी होते हैं, उनका दिन–रात का कार्य ही अपराध के माध्यम से अपनी भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति करना होता है। इस कार्य में वह तकनीक का ज्यादा इस्तेमाल कर साइबर क्राइम कर रहे हैं। हर बदलते तरीके साइबर अपराध को और वीभत्स बना रहे हैं। उक्त बातें नालसा और सालसा के निर्देशन में तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेंद्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश अमूल मंडलोई ने आशाग्राम ट्रस्ट में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में कही। युवा करें सोशल मीडिया का चौकस उपयोग विषय पर आयोजित शिविर में न्यायाधीश मंडलोई ने बताया किसी भी लिंक को क्लिक करने से पहले रुके और सोचे उसके बाद ही सत्यता के आधार पर कदम बढ़ाए। लीगल एड काउंसिल के पदाधिकारी अधिवक्ता सागर पांडे ने जहां जीवन जीने के अधिकार और समता के अधिकार से विद्यार्थियों को रूबरू कराया। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से न्याय की सुगम व्यवस्था की जानकारी दी। ट्रस्ट के सचिन दुबे ने बताया कि सेवा प्रकल्पों में नवाचार की बात हो या फिर पर्यावरण संरक्षण के लिए न्याय वाटिका जैसी संरचना का निर्माण करना इन सब में प्राधिकरण द्वारा निरंतर सहयोग दिया जा रहा है।

## कलयुगी बेटे ने विधवा मां को पीटा

इंदौर. तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद के चलते एक युवक ने अपनी विधवा मां से मारपीट कर दी. कहासुनी के दौरान आरोपी ने पहले गाली–गलौच की, फिर मोबाइल फोन से हमला कर घायल कर दिया. जाते–जाते मां को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया, पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. फरियादिया बसंतीबाई राठौर निवासी झांझर कॉलोनी असरावद ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनके बेटे मनोज राठौर ने रविवार को घर में विवाद के दौरान पहले गालियां दीं और फिर अपने मोबाइल फोन से सिर पर वार किया, इससे उन्हें चोट लगी. घटना के बाद आरोपी मां को धमकाते हुए बोला, आज तो बच गई, आगे मुझसे बहस की तो जान से खत्म कर दूंगा, और फिर मौके से फरार हो गया. मामले में तेजाजी नगर पुलिस ने आरोपी मनोज राठौर के खिलाफ गाली–गलौच, मारपीट और जान से मारने की धमकी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है.

## गैरेज संचालक ने युवक को पीटा

इंदौर. तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में एम्बुलेंस की मरम्मत को लेकर हिसाब–किताब के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया. गैरेज पर हुई कहासुनी के दौरान एक युवक को लकड़ी के पटिये से सिर पर वार कर घायल कर दिया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. ग्राम असरावद खुर्द निवासी मुकेश पिता छगनलाल पांचाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह तेजाजी नगर क्षेत्र में एक गैरेज पर एम्बुलेंस नम्बर एमपी–09–5568 की रिपेयरिंग के सिलसिले में गया था. वहां पैसों के लेनदेन को लेकर उसकी आरोपी आशीष उर्फ पिंटू शर्मा से बहस हो गई. बहस के दौरान आशीष ने दुकान में रखे लकड़ी के पटिये से मुकेश के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया. घटना के बाद मुकेश ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. तेजाजी नगर पुलिस ने आरोपी आशीष उर्फ पिंटू शर्मा के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है और प्रत्यक्षदर्शियों से भी पूछताछ की जा रही है.

## ज्वेलरी शॉप से उड़ाया सोने के टॉप्स का बॉक्स

इंदौर. राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े एक ज्वेलर्स की दुकान से सोने के टॉप्स से भरा बॉक्स चोरी कर लिया गया. वारदात को अंजाम देने पहुंचे दो महिलाएं और एक पुरुष ग्राहक बनकर दुकान में दाखिल हुए और मौके का फायदा उठाकर कीमती जेवरात लेकर चंपत हो गए. पुलिस अब आरोपियों की पहचान और तलाश में जुटी है. घटना बिजलपुर मेन रोड स्थित एक ज्वेलरी दुकान की है, जो फरियादी आशीष पिता कैलाश चंद्र सोनी के मकान के नीचे संचालित होती है. आशीष ने रिपोर्ट में बताया कि वारदात के समय उनके पिताजी कैलाशचंद्र सोनी दुकान पर मौजूद थे जबकि वे खुद रेती मंडी किसी काम से गए हुए थे. परिवार के अन्य सदस्य ऊपर मकान में थे. इसी दौरान दो महिलाएं और एक पुरुष ग्राहक बनकर दुकान पर पहुंचे और बिछुड़ी देखने के बहाने बातचीत करने लगे. इसी दौरान उन्होंने मौका पाकर दुकान में रखे एक प्लास्टिक बॉक्स को गायब कर दिया, जिसमें 13 जोड़ सोने के कान के टॉप्स रखे थे. चोरी की भनक लगते ही परिजन और दुकान संचालक ने पुलिस को सूचना दी. राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने अज्ञात महिलाओं और पुरुष के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है और दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है. प्रारंभिक तौर पर पुलिस को कुछ फुटेज मिले हैं, जिनके आधार पर संदिग्धों की पहचान की जा रही है. पुलिस का कहना है कि वारदात सुनियोजित लग रही है और संभवत: इससे पहले भी आरोपी इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं. जल्द ही आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तारी की जाएगी.

## कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

इंदौर. देपालपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को तेज रफ्तार कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो युवक घायल हो गए. हादसा तहसील रोड स्थित अरिहंत कॉलोनी के सामने हुआ. घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया और कार चालक के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है. पुलिस के अनुसार, दुर्घटना में घायल युवकों की पहचान ब्रम्हानंद पिता प्रहलाद चौहान निवासी बनेडिया और विष्णु चौहान के रूप में हुई है. ब्रम्हानंद को दाहिने पैर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि विष्णु को कमर में चोट लगी है. हादसे के समय दोनों युवक बाइक से देपालपुर की ओर जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही कार नम्बर एमपी 09 जेडयू 2865 ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी. पुलिस ने घायलों की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर वाहन को जब्त कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है.

## फूटी कोठी ब्रिज के नीचे भिक्षुक की लाश मिली

इंदौर. फूटी कोठी ब्रिज के नीचे एक भिक्षु ने बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में प्राण त्याग दिए. राहगीरों ने सुबह शव को देखा, लेकिन दोपहर 12 बजे तक न तो नगर निगम की टीम पहुंची और न ही शव को उठाया.

# अवैध कॉलोनियों में विकास कार्य नहीं

### रहवासियों को करना पड़ रहा परेशानियों का सामना, कॉलोनी वासियों ने सीएमओ को सौंपा आवेदन, अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई की कही बात





**पानसेमल, ( नवभारत )।** नगर सहित अन्य स्थानों पर बनाई गई अवैध कॉलोनियों में विकास कार्य नहीं होने से रहवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्लॉट बेचते समय कॉलोनी विकास कार्य करने के लिए आश्वस्त किया जाता है, लेकिन उसके बाद भी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने से कॉलोनीवासी परेशान हो रहे हैं। नगर के वार्ड 1 स्थित राजकुमार सोहनलाल पिता उमराव अग्रवाल की कॉलोनी निवासियों ने सीएमओ रुपसिंह सोलंकी को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवेदन सौंपा है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि उन्होंने कई बार समस्या के निराकरण की मांग की है, लेकिन अभी तक समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है। कॉलोनी में निवासरत परिवारों ने सीएमओ से चर्चा करते हुए निवेदन किया है कि कॉलोनी में कर्मचारियों के साथ निरीक्षण कर पंचनामा बनाया जाए एवं कॉलोनीनाईजर के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाए।

### कच्ची झोपड़ी में दे रहे पक्की बुनियाद

जनपद शिक्षा केंद्र के अंतर्गत आने वाले कुछ विद्यालयों में दुर्दशा बनी हुई, जिसके कारण अध्यापन कार्य कच्चे मकान या झोपड़ी में करने को मजबूर है। ऐसा ही विद्यालय मालपुरा में संचालित हो रहा है, जिसमें शिक्षक विद्या का अलख जगा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय के पुराने जीर्ण–शीर्ण भवन में बच्चों को नहीं बैठाया जा रहा है, बच्चों के बैठने के लिए भवन के अलग कमरे में तिरपाल और बास की लकड़ियों से छत बनाई है। साथ ही अन्य विद्यार्थियों के लिए ग्राम के निवासी की झोपड़ी में कक्षा संचालित की जा रही है, ग्रामीणजन भी लंबे समय से भवन निर्माण की मांग कर रहे हैं।

### 101 विद्यार्थी हैं दर्ज

वर्तमान में नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ हो चुका है, लेकिन करीब 4 से 5 वर्ष बितने के बाद भी भवन निर्माण नहीं हो पाया है। जिम्मेदार केवल वरिष्ठ कार्यालय को अवगत कराया गया है। इतना बोलकर पल्ला झाड़ लेते हैं, विद्यालय की इस स्थिति का जिम्मेदार कौन है यह तो पता नहीं, लेकिन बच्चों के भविष्य और सुरक्षा का सवाल है। किसी को जिम्मेदारी लेकर भवन निर्माण कराया जाना चाहिए। विद्यालय में प्रधान पाठक दिनेश चौहान एवं अनिल सोलंकी शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जिनमें 101 विद्यार्थी दर्ज हैं।

**वर्षों बाद भी निर्माण नहीं**

- 4 से 5 वर्ष बाद भी भवन नहीं हो पाया है निर्माण।
- जिम्मेदार झाड़ रहे पल्ला।

## डायरिया सह दस्तक अभियान की हुई जिला में प्रभावी शुरुआत

**बड़वानी।** कलेक्टर गुंचा सनोबर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत काजल जावला के मार्गदर्शन में डायरिया सह दस्तक अभियान की जिले में प्रभावी रूप से शुरुआत की गई। अभियान के दूसरे दिन जिले में दस्तक प्लान के तहत सभी क्षेत्रों में गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित की जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से घर–घर दस्तक देकर बच्चों की स्क्रीनिंग, ओआरएस वितरण, जिंक टैबलेट, आयरन सिरप, पोषण आकलन एवं जन–जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। सभी हितधारकों की सहभागिता से जिले में दस्तक अभियान सफलतापूर्वक क्रियान्वित हो रहा है।

## हरित पर्यावरण समृद्ध भविष्य के तहत पौधारोपण

**पानसेमल, ( नवभारत )।** नगर परिषद द्वारा हरियाली अमावस्या के अवसर पर गोमती नदी के तट पर कृष्ण मंदिर उद्यान के निकट पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया गया। विधायक श्याम बर्डे ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। एक–एक वृक्ष न केवल प्रकृति का श्रृंगार है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन का आधार भी। सभी को मिलकर इस धरती को स्वच्छ और समृद्ध बनाएं रखने के लिए अपना योगदान देना चाहिए।

इस अवसर पर नप अध्यक्ष शैलेंद्र भंडारकर, उपाध्यक्ष साहेबराव चौधरी, पार्षद भूपेश सावले, रमेश चित्ते, विक्की सिरसाठ, मंगल शामेशाह, सतीलाल मराठे, कांतिलाल वास्कले, अनूप मिश्रा, सलोनी राणा, जोगेंद्र चौधरी, कर्मचारी एवं वरिष्ठ उपस्थित रहे।



**एक नजर में** — स्कूल के छात्र, छात्राएं, शिक्षक और ग्रामीण बड़ी संख्या में हुए शामिल

## गुमड़िया बुजुर्ग में प्रमुख मार्गों से निकाली भव्य कलश यात्रा



**नवभारत न्यूज़
निवाली, 25 जुलाई.** मप्र जन अभियान परिषद में नवांकुर योजना अंतर्गत नवांकुर सखी की एक नई पहल में हरियाली अमावस्या के उपलक्ष्य में सेक्टर नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गुमड़िया बुजुर्ग में महिला नवांकुर सखी के साथ मिलकर कलश यात्रा का आयोजन जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए किया था। जो एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है। नवांकुर संस्था और जन अभियान परिषद के संयुक्त प्रयास से हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूल के छात्र–छात्राएं, शिक्षक और ग्रामीण जन शामिल थे। जनपद सदस्य बबलु जाधव, सरपंच मास्तर जाधव, सचिव प्रमोध गोस्वामी, रोजगार साहयक इलमसिंह चौहान, मोबिलाइजर सुनीता जाधव, नवांकुर संस्था के प्रभारी सुवालाल चौहान, सरवद ब्राह्मणे, रामलाल सोलंकी, सरदार डावर, स्कूल के टिचर्स एमसीएमसी डीपी के छात्र और जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक आपसिंह चौहान की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को और भी महत्वपूर्ण बना दिया।

नवांकुर सखी भूरी चौहान फुलकी मेहता रामबाई चौहान कसैदी की मोजीलाल बेहरी बाई कलाबाई मेघा बाई लकड़ी बाई लखमा बाई रूनाबाई साहबाई अबीता बाई उडरकी बाई रेहदिबाई सायरा बाई की भूमिका भी बहुत महत्वपूर्ण रही, जिन्होंने इस आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।

रैली के बाद नवांकुर सखी को फलदार पौधे का वितरण किया गया एवं एक पेड़ मां के नाम का पौधा रोपण किया गया। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गुमडिया बुजुर्ग के अध्यक्ष सुवालाल चौहान, सचिव सियाराम मेहता, सदस्य भायला चौहान सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बढ़ती है जागरूकता

ऐसे आयोजनों से न केवल जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ती है, बल्कि सामुदायिक एकता और सहयोग की भावना भी मजबूत होती है।

# एनएसयूआई ने किया यूनिवर्सिटी पर प्रदर्शन

- पुलिस ने दो दर्जन से ज्यादा को किया गिरफ्तार





**नव भारत न्यूज
इंदौर. आज एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने एमबीए की कापियां सही नहीं जांचने को लेकर यूनिवर्सिटी पर प्रदर्शन किया. प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने बेरीकेट्स पर चढ़ कर नारेबाजी की. इस दौरान बेरीकेट्स हताकरण घुसने और उग्रता करने कोवलेकर पुलिस ने दो दर्जन से ज्यादा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया.**

आज यूनिवर्सिटी पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने एमबीए परीक्षा की कापियां सही तरह नही जांचने को लेकर प्रदर्शन किया. एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की मांग थी कि एमबीए के छात्र छात्राओं के साथ मूल्यांकन विभाग भेदभाव कर रहा है और पूरा विभाग भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है. रजिस्ट्रार को कई बार ज्ञापन देने और मूल्यांकन सही शिक्षकों से करने की मांग करने के बाद भी कोई कारवाई नहीं की गई है. एनएसयूआई अध्यक्ष रजत पटेल ने बताया कि छात्र छात्राओं के भविष्य को लेकर कापियां का सही मूल्यांकन और जांचने, बच्चों की व्यवस्थाओं का ऑडिट करने, पानी की व्यवस्था सहित विभिन्न मुद्दों प्रदर्शन कर रहे है. कई बार रजिस्ट्रार को मूल्यांकन की शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई. आज हम सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन कर रहे है. एसीपी तुषार सिंह ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान छात्रों द्वारा उग्रता करने पर दो दर्जन से ज्यादा कार्यकर्ताओं केके गिरफ्तार किया गया है.



### अध्यक्ष की तबीयत की हुई खराब

प्रदर्शन के दौरान रजत सिंह पटेल की अचानक तबीयत बिगड़ गई. बताया गया कि तेज गर्मी और उमस के कारण उन्हें चक्कर आ गए. कार्यकर्ताओं ने उन्हें पानी पिलाया, जिसके बाद स्थिति में कुछ सुधार आया. हालांकि, इसके बाद पुलिस ने 20 से 25 एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया. रजत पटेल ने आरोप लगाया कि विरोध के दौरान पुलिस ने उनके साथ धक्का–मुक्की की, जिससे उन्हें पेट में चोट आई और वे ठीक से बोल भी नहीं पा रहे हैं. दूसरी ओर, एसीपी तुषार सिंह ने इन आरोपों को नकारते हुए कहा कि पटेल की तबीयत अधिक गर्मी के कारण बिगड़ी थी और अब उनकी स्थिति सामान्य है.

## उज्जैन से नशा लाकर बेचता था इंदौर में

- नारकोटिक्स ने दबोचा, सप्लाय रूट खंगाल रही टीम
- 2.70 लाख की एमडी के साथ आरोपी गिरफ्तार



**नव भारत न्यूज
इंदौर.** प्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नारकोटिक्स विंग इंदौर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उज्जैन के ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है. आरोपी इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में मेफेड्रोन की सप्लाय करता था. पुलिस ने उसके कब्जे से 27 ग्राम एमडी बरामद की है, जिसकी कीमत करीब 2 लाख 70 हजार रुपए बताई जा रही है.

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक केपी राव के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत उप पुलिस महानिरीक्षक महेशचंद्र जैन के मार्गदर्शन में नारकोटिक्स विंग की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि उज्जैन निवासी जुबेर पिता अब्दुल हामिद मादक पदार्थ लेकर इंदौर में डिलीवरी देने वाला है. सूचना के आधार पर की गई घेराबंदी में टीम ने आरोपी जुबेर को पकड़ा और उसकी तलाशी के दौरान एनडीपीएस एक्ट के तहत 27 ग्राम एमडी बरामद की. आरोपी से पूछताछ जारी है, जिससे यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि वह एमडी कहां से लाता था और किन–किन लोगों को सप्लाय करता था. नारकोटिक्स डीएसपी संतोष सिंह हाड़ा ने बताया कि यह कार्रवाई मादक पदार्थों के खिलाफ जारी सख्त कार्रवाई का हिस्सा है. टीम अब सप्लाय चेन और नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है.

## मेंटेनेंस में लापरवाही पड़ी भारी लिफ्ट हादसे में युवक की मौत

**इंदौर. बाणगंगा इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित एक फूड कंपनी में लिफ्ट हादसे के चलते कर्मचारी की मौत के मामले में पुलिस ने कंपनी मालिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. जांच में सामने आया कि लिफ्ट का नियमित मेंटेनेंस नहीं कराया गया था और सुरक्षा उपायों की भी अनदेखी की गई, जिससे हादसा हुआ.**

हादसा 29 मई की सुबह 10:15 बजे सेक्टर–डी, नमकीन क्लस्टर स्थित जैन फूड प्रोडक्ट कंपनी में हुआ था. मृतक की पहचान 21 वर्षीय नितेश उर्फ रितेश के रूप में हुई थी. वह कंपनी में कर्मचारी के रूप में कार्यरत था. हादसे के समय वह लिफ्ट में सवार था, तभी अचानक लिफ्ट टूटकर गिर पड़ी, जिससे उसे गंभीर चोट आई और कुछ ही देर में उसकी जान चली गई. पुलिस ने प्रारंभिक तौर पर मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी. जांच के दौरान यह स्पष्ट हो गया कि लिफ्ट के मेंटेनेंस और सुरक्षा इंतजामों को लेकर कंपनी प्रबंधन ने गंभीर लापरवाही बरती थी. समुचित निरीक्षण और देखरेख के अभाव में लिफ्ट की तकनीकी स्थिति बिगड़ गई, जिसका परिणाम यह दर्दनाक हादसा बना. बाणगंगा पुलिस ने अब कंपनी मालिक विकास पिता विनोद जैन के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक कार्य करने, सुरक्षा में चूक और उपेक्षापूर्ण आचरण के आधार पर प्रकरण दर्ज किया है.

पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

# महंगे शौक पूरे करने करते थे वाहन चोरी

- खजराना पुलिस ने दो वाहन चोरों को किया गिरफ्तार
- सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना से हुई गिरफ्तारी



**नव भारत न्यूज
इंदौर.** खजराना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए रिंग रोड और आउटर कॉलोनियों में लगातार हो रही वाहन चोरियों का पर्दाफाश किया है. पुलिस ने दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10 चोरी की बाइकें बरामद की हैं. पकड़े गए आरोपी रात के अंधेरे में वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे और पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे अपने महंगे शौक पूरे करने के लिए यह सब करते थे. पुलिस ने आरोपियों से अन्य थानों की चोरी के मामलों में भी पूछताछ शुरू कर दी है.

आयुक्त के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह एवं डीसीपी जोन–2 हंसराज सिंह के मार्गदर्शन में एडीशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह और एसीपी कुंदन मंडलोई के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह सेंधव द्वारा विशेष टीम गठित की गई थी. इस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा. जांच के दौरान पुलिस ने कई कॉलोनियों और मल्टियों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले और आरोपी की पहचान की. एक विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि संदिग्ध आरोपी एमआर–10 रोड स्थित स्टार चौराहे के पास सुनसान जगह पर मौजूद हैं. थाना प्रभारी सेंधव के नेतृत्व में टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 35 वर्षीय शाहिद उर्फ बबलू पिता शब्बीर सुलेमानी निवासी बाबा मनसव नगर, खजराना. आरोपी 10वीं तक पढ़ा–लिखा है और अलमारी रिपेयरिंग का काम करता है. 49 वर्षीय अमजद पिता हैदर शेख निवासी तंजीम नगर, खजराना को गिरफ्तार किया है. यह आरोपी लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहा है और इसके खिलाफ 17 से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं, जिनमें हथियार अधिनियम, मारपीट, लूट, आबकारी, और चोरी के प्रकरण शामिल हैं. शाहिद उर्फ बबलू के खिलाफ भी खजराना थाने में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज है.

### 10 मोटरसायकल की बरामद

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की 10 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं, जिनमें एचएफ डीलक्स, स्प्लेंडर प्लस, पैशन एक्स प्रो और रॉयल एनफील्ड बुलेट शामिल हैं. बरामद बाइकें अलग–अलग स्थानों से चोरी की गई थीं, जो इस बात का संकेत देती हैं कि आरोपी बड़े दायरे में सक्रिय थे. दोनों आरोपियों से पुलिस रिमांड लेकर अन्य थानों की चोरी की वारदातों को लेकर गहन पूछताछ की जा रही है. पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में कई और चोरी की घटनाओं का खुलासा हो सकता है.